# वी.यू. अन्तर्गत पशुधन के विभिन्न आयामों द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पर युवा उद्यमी संवाद का आयोजन

जबलपुर। दिनांक 14/09/2020 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति जी, के मार्गदर्शन एवं पशुपालन विभाग के माननीय श्री जे. एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश पशुपालन विभाग, म.प्र. शासन, भोपाल के निर्देशन व संयुक्त तत्वाधान में संचार माध्यम, गूगल मीट, ऐप्स के माध्यम से युवा उद्यमी संवाद का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के द्वारा प्रायोजित किया गया। जिसमें जिला: जबलपुर, भोपाल एवं सागर जिलों के 96 युवा उद्यमीयों में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. आर.के. रोकड़े, संचालक पशुचिकित्सा सेवाएं, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के स्वागत भाषण से हुआ। तदोपरांत माननीय श्री जे. एल. कंसोटिया अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश पशुपालन विभाग, म.प्र. शासन, भोपाल ने अपने उद्बोधन में वि.वि. द्वारा इस आयोजन को एक सकारात्मक कदम एवं अनुकर्णी पहल है, इस हेतु विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए सुभकमनाए प्रेषित की है।

इस कार्यक्रम में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के विषय वस्तु विशेषज्ञों क्रमशः डॉ. सुनील नायक, ने पशुपोषण उधमिता, डॉ. विश्वजीत रॉय ने डेयरी उधमिता, डॉ. गिरिराज गोयल ने कुक्कुट पालन उधमिता, डॉ. जी. पी.लखानी उन्नत शूकर पालन, डॉ. अनिल कुमार गौर द्वारा आय दोगुनी करने उन्नत बकरी पालन आय साधन उधमिता एवं डॉ. एस.के. महाजन ने मत्सय पालन उधमिता विषयों पर अपने - अपने पावर प्वाइंट प्रस्तिकरण द्वारा प्रस्तुत किया।

इस युवा संवाद के माध्यम से युवा उद्यमि का सशक्तीकरण तो होगा ही, साथ ही इसके परिणाम फलस्वरूप वे न केवल स्वावलंबी बनेंगे, वरन् मध्यप्रदेश एवं भारतवर्ष को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्पूर्ण भूमिका का निर्वहन भी करेंगे।

इस कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर